राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र की राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से मुलाकात

जयपुर, 05 फरवरी। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द से मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र की राष्ट्रपति श्री कोविंद से यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

उपराष्ट्रपति ने किया राज्यपाल की पुस्तक का विमोचन

पुस्तक नव उद्यमियों के लिए लाभदायी होगी – उपराष्ट्रपति

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की कृति ''भारत में उद्यमिता'' का विमोचन

जयपुर, 05 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की कृति '' भारत में उद्यमिता '' का विमोचन बुधवार को उपराष्ट्रपति श्री एम. वैंकया नायडू ने उपराष्ट्रपति भवन में किया।

उपराष्ट्रपति श्री नायडू ने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को इस रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक नवउद्यमियों के लिए लाभदायी रहेगी। उन्होंने कहा कि नव उद्यमी उद्यमिता के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष योजनाओं व सरकार द्वारा दी जाने वाली विशेष सुविधाओं की जानकारी इस पुस्तक से प्राप्त कर सकते हैं। श्री नायडू ने कहा कि पुस्तक के अध्ययन के पश्चात नव उद्यमी उद्यम स्थापित करने में आने वाली विभिन्न समस्याओं का आसानी से निराकरण कर सकेंगे।

श्री नायडू ने कहा कि केन्द्र सरकार में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री रहे श्री कलराज मिश्र ने देश में एम.एस. एम. ई. सेक्टर को नई दिशा दी। श्री मिश्र ने इस सेक्टर के विकास हेतु सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को देश के दूर–दराज के क्षेत्रों में रह रहे लोगों तक पहुंचाया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बताया कि एनडीए सरकार के प्रथम कार्यकाल में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री पद पर रहते हुए किये गये कार्यो पर प्रकाशित **भारत में उद्यमिता** देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या से निपटने में कारगर होगी। उद्यमिता के क्षेत्र में एम.एस.एम.ई. सेक्टर की उपलब्धियों को आम आदमी तक पहुंचाने की दृष्टि से इस पुस्तक का श्री मिश्र ने लेखन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि यह पुस्तक उन युवाओं के लिए जो अपना उद्यम प्रारंभ करना चाहते हैं, मार्गदर्शक साबित होगी। श्री मिश्र ने कहा कि आर्थिक उदारीकरण के युग के प्रांरभ होने के साथ–साथ भारत में ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में उद्यमिता के क्षेत्र में बहुत विस्तार हुआ है। सभी विकसित व विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था में उद्यमिता, विशेष रूप से एम.एस.एम.ई सेक्टर का अहम योगदान रहा है। भारत में एम.एस.एम.ई सेक्टर का योगदान आयात में 40 प्रतिशत, विनिर्माण में 45 प्रतिशत व सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत रहा है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की इस पुस्तक का प्राक्कथन पूर्व लोक सभा सदस्य श्री शांता कुमार ने लिखा है। श्री कुमार के अनुसार ''मेरे मित्र पंडित कलराज मिश्र ने लघु एवं मध्यम उद्योग का दायित्व संभालकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया और सबका साथ सबका विकास के आयाम को सफलता से कार्यान्वित कर छोटे और मझोले उद्योगो को नई दिशा प्रदान की।''

उपराष्ट्रपति श्री नायडू को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पुस्तक की प्रति लोकार्पण के लिए सौंपी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र, एम.एस.एम.ई. के पूर्व सचिव श्री अनूप पुजारी व श्री दिनेश राय, पुस्तक के संपादन सहयोगी श्री बंसत कुमार, प्रभात प्रकाशन के श्री प्रभात सहित परिवारजन व अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

पशुधन से आर्थिक लाभ की राष्ट्रीय सेमीनार के समापन के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरूवार को दोपहर 12 बजे दुर्गापुरा स्थित कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित पशुधन से आर्थिक लाभ की राष्ट्रीय सेमीनार के मुख्य अतिथि होंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान